# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–16 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

केंद्र सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी। इस बार जनगणना के साथ जाति जनगणना भी की जाएगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके अलावा इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। ये जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व–गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्टूबर दो हजार छब्बीस से कराई जाएगी।

**********

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकर नगर जिले के अकबरपुर में एक हजार एक सौ चौरासी करोड़ रूपये की एक सौ चौरानबे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत ग्यारह हजार छह सौ नब्बे आश्रित परिवारों को करीब पांच सौ बासठ करोड़ रूपये की सहायता राशि का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास और विरासत पर साथ–साथ ध्यान दे रही है।

**प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत विकास भी करता है तो विरासत पर गौरव की अनुभूति भी करता है। विकास यह जो सड़क के नाम पर, बिजली के नाम पर, शुद्ध पेयजल के नाम पर, मेडिकल संस्थान के नाम पर, आईटीआई और पॉलीटेक्निक के नाम पर आपको उपलब्ध हो रहा है और विरासत वह जो सर्वाधाम और शिवबाबा धाम के नाम पर, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के नाम पर, काशी में काशी विश्वनाथ धाम के नाम पर हम सब देख रहे हैं।**

**********

प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य –एमएसपी पर किसानों से रबी फसल में पहली बार सीधे मक्का की खरीद कर रही है। यह खरीद कल से प्रारंभ हो गई, जो इकतीस जुलाई तक चलेगी। क्रय केंद्रों पर सुबह नौ से शाम छह बजे तक खरीद की जाएगी। विपणन वर्ष दो हजार चौबीस पचीस के तहत किसानों से मक्का की खरीद दो हजार दो सौ पच्चीस रुपये प्रति कुंतल पर होगी। मक्का की बिक्री के लिए किसानों को एफसीएस डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन या मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

**********

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा–जो पहले वर्ष में एक बार आयोजित की जाती थी, अब दो बार आयोजित की जाएगी। इस पहल से समय पर भर्ती और निर्बाध रोगी देखभाल सेवाएँ सुनिश्चित होंगी।

**********

अमरोहा जिले के रजबपुर थानाक्षेत्र के अतरासी गांव के जंगल में आज दोपहर में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाएं गंभीर तौर पर घायल हैं। वहां की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मौके पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारणों की जांच के लिए समिति का गठन किया गया है।

**********

प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज सुबह हुई तेज बारिश के बाद लोगों को थोड़ी देर के लिए गर्मी से राहत मिल गई। हांलाकि कई स्थानों पर दिन में तेज धूप निकली और उमस से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार अठारह जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से जन हानि की भी सूचना है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गोण्डा जिले में दो लोगों और बस्ती जिले के नगर थाना अंतर्गत मंझरिया गांव में एक महिला तथा श्रावस्ती के भिनगा थाना अंतर्गत रामपुर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

**********